E-mail

राजस्थान सरकार

प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

डब्ल्यू–6 रेजिडेन्सी रोड़ जोधपुर, फोन न. 0291–2430440, 2636572 ई–मेल **bter.jodhpur@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः– एफ–7( )/प्राशिमं/परीक्षा/कलैण्डर/2024/ 1636 दिनांकः– 21 MAR 2024

प्रधानाचार्य,

समस्त राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय
(नॉन इंजी.)

संस्थान कोड–002, 004, 011, 019, 020, 025, 027, 031, 032, 033, 034, 035, 049, 092, 094, 117, 182, 184, 185

विषय :–पोर्टल पर प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष षष्टम् सेमेस्टर के परीक्षा मई 2024 (सत्र 2023–24) नॉन इंजी के परीक्षा फार्म भरवाये जाने के संबध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख कि प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष षष्टम् सेमेस्टर के परीक्षा मई 2024 (सत्र 2023–24) नॉन इंजी के परीक्षा फार्म भरवाये जाने एवं परीक्षा फार्म संबंधित परिशिष्ठ के संबध में निम्नलिखित निर्देषों के अनुसार कार्यवाही करें:–

1. (A)सभी सम्भावित विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र एच.टी.ई पोर्टल पर उपलब्ध करा दिये गये है। इन्हें **User Manual** मे दिये गये निर्देशानुसार विद्यार्थियों से भरवायें। **यदि किसी पात्र विद्यार्थी का परीक्षा फार्म प्राप्त नहीं हुआ है, और वो परीक्षा में बैठने के योग्य है, तो अविलम्ब मंडल कार्यालय को सूचित करें।**

   (B)यदि किसी अपात्र छात्र का फार्म पोर्टल पर उपलब्ध है तो छात्र को फार्म नही भरवाया जावे एवं ऐसी स्थिति में तुरन्त मण्डल कार्यालय को सूचित करें।
2. परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ परिशिष्ठ 1, 2, 3 एवं 4 भिजवाये जा रहे है। परिशिष्ठ सं. 1 में योग्य विद्यार्थियों की संख्या एवं परीक्षा शुल्क का विवरण भरा जाना है। परिशिष्ठ सं. 4 में संस्थान संबंधी सूचना दो प्रतियों में भिजवायें। परिशिष्ठ सं. 2 में परीक्षा फार्म भरने वाले नियमित योग्य विद्यार्थियों की एवं परिशिष्ठ 3 में बाह्रय योग्य विद्यार्थियों की पोर्टल से जनरेटेड सूची होगी।
3. परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक **21.03.2024 से 03.04.2024** तक सामान्य शुल्क से भरवाये जा सकते है।
4. भरे हुए परीक्षा फार्म संस्थान में सुरक्षित रूप से संधारित करें।
5. परीक्षा फार्मो से संबंधित परिशिष्ठ दिनांक **09.04.2024** तक मंडल कार्यालय को e-mail कर हार्ड कॉपी इसी दिनांक को speed post द्वारा भिजवाना सुनिश्चित करावे।
6. छात्रों को परीक्षा फार्म भरवाने से पूर्व प्रधानाचार्य स्तर पर परीक्षा फार्म की पूर्ण रूप से जाँच कर ली जावे परीक्षा फार्म भरने की पात्रता (Eligibility) की जांच नियमानुसार अपने स्तर पर करें एवं केवल पात्र विद्यार्थियों से ही परीक्षा फार्म भरवायें जावें, किसी भी स्थिति में अपात्र छात्र द्वारा परीक्षा फार्म भरा जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होगी।
7. परीक्षा शुल्क ई–मित्र के माध्यम से जमा करवायें।
8. परीक्षाऐं दिनांक **06.06.2024** से आयोजित की जानी प्रस्तावित है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

Validity unknownSignature valid

RajKaj Ref 6268689

Digitally signed by P... Chand Meghwal
Designation: ...ant Director
Date: 2024.03.2... 14:17:29 IST
Reason: Approved

उपनिदेशक एवं उपरजिस्ट्रार

A515